विकास खण्ड ननखरी जिला शिमला हि0 प्र0

क्रमांक.......   उपस्थिति 09/09

नकल प्रस्ताव संख्या 08   बैठक दिनांक 09.09.2017

प्र0 स0 08 ग्राम पंचायत देलठ को प्रस्तावित लूहरी जल विद्युत परियोजना स्टेज –1 में प्रभावित पंचायत में शामिल करने बारे।

बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि लूहरी जल विद्युत परियोजना चरण–1 बांध स्थल व विद्युत गृह ग्राम निरथ में किया जाना प्रस्तावित है। ग्राम पंचायत नीरथ के क्षेत्र के साथ ग्राम पंचायत देलठ की सीमांए आपस में जुडती है। बांध स्थल से ग्राम पंचायत देलठ का ग्राम चुन्जा 100 मीटर की उंचाई पर है जो कि ग्राम चुंजा का राजस्व क्षेत्र व चक नीरथ पटवार वृत में आता है। इस ग्राम की भूमि परियोजनाओं में अधिग्रहण भी हो रही है, जिसमें चक नरोला में ग्राम चुंजा की पैतृक जमीने है, जबकि ये ग्राम चुंजा ग्राम पंचायत देलठ क्षेत्र में आता है, इस कारण ये ग्राम अधिक प्रभवित हो रहा है। इस लिए ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्र टिकरी, देलठ व टुटू व नागाधार परियोजना के बांध स्थल से 500 मीटर की दायरें में आता है। इस परियोजना से पर्यावरण की दृष्टि से यह समूचा क्षेत्र पूरी तरह से प्रभावित होना निश्चित है। पंचायत क्षेत्र के लोगों की आजीविका बादाम ,सेब, खुमानी, आडू, सब्जियां व कृषि आदि फसल पर निर्भर है। इसका प्रभाव इस क्षेत्र के लोगों पर पडेगा इसलिए प्रशासन व प्रबंधक परियोजना द्वारा ग्राम पंचायत देलठ के क्षेत्र का सर्वेक्षण किया जाए क्योकिं परियोजना नीरथ बांध स्थल को केन्द्र मान कर 01 कि0 मी0 के दायरें के अंतर्गत समूचा क्षेत्र आता है। अगर ग्राम पंचायत को परियोजना के प्रभावित क्षेत्र में नहीं लिया गया तो पंचायत क्षेत्र के लोगों की कोई भी भूमि परियोजना के अधिग्रहण के लिए नहीं दी जाएगी। ग्राम पंचायत इस परियोजना का विरोध करेगी। इस उपरोक्त विषय को ध्यान में रख कर ग्राम पंचायत देलठ के क्षेत्र को परियोजना प्रभावित क्षेत्र में शामिल किया जाना अति आवश्यक है, ताकि इस पंचायत क्षेत्र का विकास हो सके और परियोजना पर भी इसका कोई दुष्प्रभाव न पडे। पंचायत ने पहले भी कई बार प्रशासन व परियोजना प्रबंधक को लिखित रूप से अवगत करवाया है, परन्तु इसमें हमें आज तक प्रबंधक व प्रशासन की ओर से कोई भी लिखित रूप से जवाब नहीं मिल पाया है।

प्रस्ताव सर्व सहमति से पारित है।

प्रतिलिपि– 01 माननीय मुख्यमंत्री हि0 प्र0 सरकार की सेवा में आगामी कार्यवाही हेतु प्रेषित।

02 माननीय मुख्य ससंदीय सचिव स्वास्थ्य हि0 प्र0 सरकार की सेवा में आगामी कार्यवाही हेतु प्रेषित

03 उपायुक्त महोदय शिमला जिला शिमला की सेवा में आगामी कार्यवाही हेतु प्रेषित।

04 उप मण्डलाधिकारी रामपुर की सेवा में आगामी कार्यवाही हेतु प्रेषित।

05 महा प्रबंधक महोदय सतलुज जल विद्युत परियोजना शिमला की सेवा में प्रेषित।

06 प्रबंधक सतलुज जल विद्युत परियोजना बिथल की सेवा में प्रेषित।

विकास खण्ड ननखरी जिला शिमला (हि०प्र०)

पंचायत सचिव, विकास खण्ड ननखरी (शिमला)

F-52

No: LAO/LHEP/13/09/11-98-156 Dated:- 29.06.2011

OFFICE OF THE LAND ACQUISITION COLLECTOR,
LUHRI HYDRO ELECTRIC PROJECT, BITHAL

NOTICE UNDER SECTION -9 OF THE LAND ACQUISITION ACT 1894

To

Sh. Joginder Prakash S/o Naranjan Dass
R/o Narola, Tehsil Rampur.
Distt.- Shimla (H.P)

Owner/Owners

NAME OF WORK: **Road & Job facility purpose for construction of Luhri Hydro Electric Project 775 MW.**

Where the person mentioned above and any other interested person are hereby informed that the SJVN Ltd. (Luhri Hydro Electric Project) intends to take possession of the Land specified below for the construction of above work. That claim for compensation for all interest should be made to this office. They are required to appear personally or by agent/prosecutor before me on **20-07-2011 at Patwar Khana Nirath time 11:00 AM** to state the nature of their respective interest in the land amount and particulars of the claim to compensation and their objection if any to the measurements. The map is available for inspection in this office.

SPECIFICATION OF LAND

VILL.	Khata/Khatuani	KH. NO.	AREA	Share
Narola	1/1	151	00-02-92	1/5
		157	00-00-63	
		Kitta=2	**00-03-55**	
	4/4	147	00-00-58	1/20

ISSUED UNDER MY SIGNATURE AND SEAL THIS DAY THE 29th MONTH JUNE YEAR 2011.

LAND ACQUISITION COLLECTOR

Land Acquisition Collector
Luhri HEP Bithal (H.P).
Land Acquisition Collector
S.J.V.N.L. (L.H.E.P.) at Bithal
Distt. Shimla (H.P.)

F-55

To

The Deputy Commissioner
Shimla District (Camp at Nirath)
Himachal Pradesh

Sub: Acquisition of Private land in Mouja Narola of Patwar Circle Nirath, Teh. Rampur, Distt. Shimla by the SJVN for Luhri Hydro Project.

Sir,

With due regard I wants to bring your kind notice the following facts for your kind consideration and further action:-

1. that at village Bhera (Narola) I have my ancestral land bearing six Khasra Nos. 147, 151, 157, 161, 162 and 165 which clearly appeared in Jamabandi(Photo copy enclosed) under Khewat & Khatauni No.4 issued by the concerned Patwari of Nirath circle on dated 19.11.07.

2. that the authority of SJVN has selected the above site for dumping purpose for Luhri Hydro Project.

3. that I was surprised to see the notification issued by the authority of SJVN (copy enclosed), for calling any objection from the effected persons, that the said Khasra Numbers except 147,151 & 157 does not appeared therein.

4. that as per Photocopy of the Tatima (enclosed) left out Khasra Numbers i.e 161, 162 and 165 are surroundings of Khasra number 147 which has been included for acquisition.

5. That it appears that while preparing the Jamabandi papers (Photo copy enclosed) of Narola by the SJVN authorities, the mistake may occurred inadvertently for not inclusion of the said Khasra numbers against Min number 4/4.

6. That after coming to my notice the above facts, I had brought the above stated facts with the authority of SJVN/LAO concerned by visiting personally as well as written request sent through registered post (as per photo copy enclosed) but till date nothing has been heard from them except verbal assurance.

Therefore, with humble submission and request, the authorities of the SJVN for Luhri Project may be directed to complete all necessary formalities immediately for inclusion of the left out Khasra numbers of my land in order to get the compensation of whole part since the minor part of my left out land in the area will be of no use of mine.

Thanking You,

Yours faithfully,

(Joginder Prakash)
(camp at Nirath on dated 5.5.11)
Village lohri Garh, P.O.Shamathla(Kotgarh)
Tehsil. Kumarsain, Distt. Shimla (H.P)
(Mobile No. 94187-00679)

Copy for information and Necessary action is also forwarded to:

1. The AGM (P&A) SJVN Ltd, Luhri Hydro Project, Sunni, Distt. Shimla (HP).
2. The AGM SJVN Ltd, Luhri Hydro Project, Bithal, P.O. Shamathla, Teh. Kumarsain Distt. Shimla.
3. The Land Acquisition Officer, Luhri Hydro Project, Bithal, P.O. Shamathla, Teh. Kumarsain Distt. Shimla.

(Joginder Prakash)

F-54

Most Urgent

To

The Additional General Manager (P&A)
Luhri Hydro Electric Project
Sunni, Tehsil Sunni. Distt. Shimla(H.P)

Subject: Acquisition of Land for Luhri Hydro Electric Project—inclusion of Khasra Nos. 161, 162 and 165 therein in Mauja Narola of Rampur Tehsil. H.P.

Sir,

In continuation to my earlier application dated nil on the subject cited above and would like to bring the following few facts for your kind consideration and early action, in order to acquire the said khasra numbers in revenue village Narola, Tehsil Rampur Bushehr in Distt. Shimla, by the Satluj Jal Vidut Nigam:-

1. That the value of the un-acquired khasra numbers is bound to be deteriorated/diminished.
2. That it would not be economically viable to cultivate the same in view of acquisition of big tract of my land.
3. That the remaining three kahasra numbers needs to be acquired to avoid disputes in future with respect to boundaries and path etc.
4. That the area of the un-acquired land is also too meager.

In view of the above facts it is again requested that the action for inclusion of Khasra Nos. 161,162 and 165 in Mouja Narola of Tehsil Rampur Busher, Distt. Shimla for the use of SJVN may be initiated by issuing necessary direction/orders to the quarter concerned at the earliest.

Thanking you,

Yours faithfully,
(Joginder Prakash) 26/4
S/O late Sh. Narainjan Dass
Village-Lohrigarh, P.O.Shamathla
Distt. Shimla (H.P)

Encl: As above

Copy forwarded for information and further necessary action to:-

(1) The land Acquisiton Officer,NJPC, Bithal, P.O.Shamathla, Distt. Shimla
(2) AGM, NJPC, Bithal,P.O.Shamathla, Distt. Shimla. H.P alongwith a copy of Jamabandi & Tatima.

Sd/-
(Joginder Prakash)

हाल्व नटोला   हदबस्त नं0 178/2   तहसील रामपुर   जिला शिमला   S. No. 92.

हेत	बसायल ग्रामपाशी	नम्बर खसरा साबिक	नम्बर खसरा बन्दोबस्त हाल	रकबा मिजान मय किस्म	लगान तफसील सरह व तादाद	हिस्सा या पैमाना हकीयत और तरीका बाछ	मुतालबा व वतनारोह मामला स्थाई	विवरण
	6	7	8	9	10	11	12	13
			147 गैर [illegible]	00-00-58 गैर [illegible]		कब्जा व [illegible]	0.46 मालि 0-28 [illegible] 0.18	नं इं. 44, 45, 46 — कि. इं. [illegible]
			161	00-01-48 बा० कु० [illegible]		[illegible]		नोट :- बतदरो इं. नं. 44 [illegible]
			162	00-00-99 गैर [illegible]				नोट :- बतदरो इं. नं. 45 [illegible]
			165	00-00-42				नोट :- बतदरो इं. नं. 46 [illegible]
			1 किता 4	00-03-47				
				कुल बा० कु० [illegible] 00-01-48 [illegible] 00-01-99 [illegible] 00-00-42 गैर [illegible] 00-01-57				

प्रमाणित किया जाता है कि नकल मुताबिक असल के सही व [illegible] है [illegible] उतारी [illegible] गई है।

[signature]
05/4/2010

F-56

आवेदक श्री [illegible] [illegible] मोहम्मद [illegible] [illegible] [illegible] खसरा नम्बर 178/2 [illegible]
रामपुर जिला रामपुर हेतु [illegible]

[illegible] [illegible] [illegible] प्रति [illegible]



प्रमाणित किया जाता है कि नक्शा [illegible] [illegible] से [illegible] व [illegible] है [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] है।

[illegible]

[illegible]

सेवा में

प्रबन्धक महोदय,

जल विद्युत परियोजना

लुहरी जिला शिमला

हि० प्र०

विषय:- गैरा खड्ड पर गैरा रोपड़ी पुल बनाने बारे।

मान्यवर :-

श्रीमान जी से नम्र निवेदन है कि हम ग्राम वासी रोपड़ी (ग्राम किरटी) करांड़ (डलैरा) के पैदल चलने की आवश्यकता है जिसके लिए पुल लगाना अति अनिवार्य है क्योंकि जब खड्ड का जल स्तर बढ़ जाता है तो सारा पैदल चलने का रास्ता कट जाता है जिसके कारण बच्चे स्कूल जाने से वंचित रह जाते हैं और इसके साथ-२ ग्राम करांगला तथा कुनू के लोग भी पैदल इसी रास्ते ~~से~~ चलते हैं।

अतः आप से अनुरोध प्रार्थना है कि गैरा खड्ड से रोपड़ी के लिए जल्द से जल्द पुल लगाया जावे

आपका वादी

निवेदक तमाम देहरा, किरटी रोपड़ी

F-58

3) [illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

8 [illegible]

9 [illegible]

[illegible]

10 [illegible]

11 [illegible]

12 [illegible]

13 [illegible]

14

15 Bobby

16 [illegible]

17 [illegible]

F-

सेवा में,

माननीय उप-मण्डलाधिकारी,
उप-मण्डल रामपुर बुशैहर,
जिला शिमला हि० प्र०

In charge AFC [illegible] 10/7/18

विषय :-

पंचायत नीरथ में जमीन व मकान की भूमि को मलकियत करने बारे प्रार्थना पत्र

मान्यवर जी,

नम्र निवेदन है कि मैं पृथ्वी-चन्द (सिंह) S/O स्व श्री जियालाल, पुत्र जिन्दु निवासी, गाँव व डा० नीरथ तह० रामपुर बुशैहर जिला शिमला हि० प्र० का स्थायी निवासी हूँ। मेरे पिताजी स्व श्री जियालाल व स्व श्री सोहनलाल 2 भाई थे जिनकी मुश्तरीका शामिलात थी, स्व जियालाल के नाम से वारसान स्व० प्रेमचन्द व पृथ्वीसिंह हैं। प्रेमचन्द की मृत्यु हो चुकी है उनका वारसान करतार-चन्द है। स्व० सोहनलाल के वारसान ज्ञानचन्द, रोशन लाल, जयादेवी, कुशलयादेवी व कान्तादेवी है। पंचायत नीरथ के अन्तर्गत खसरा नं० 1650, 1656, 1778 के अन्तर्गत हमारी मलकीयत 7.10 बीघा मलकीयत आती है जोकि लुहरी जलविद्युत परियोजना चरण I में डैम के अन्तर्गत भूमि अर्जित की जानी है सारी की सारी जमीन Section 4 के अन्तर्गत जलाशय के क्षेत्र में आ रही है साथ में मकान व खलियान भी जलाशय क्षेत्र में आ रहे हैं। खसरा नं० 1775 गैर मुमकिन खलियान 1776 में गैरमुमकिन मकान भी जलाशय क्षेत्र के अन्तर्गत आ रहे हैं। हमारी जमीन का कुल रकबा 7.10 बीघा का पूरा रकबा डैम में लग रहा है जिसका विवरण सैक्शन 4 के नोटिस में है परन्तु मकान व खलियान का नहीं है। इसके अतिरिक्त खसरा नं० 1779 में कब्जा बजात खुद [illegible] तरतीब रकबा 0-6-99 है भूमि पर सन 1952 से मेरे पूर्वजों का कब्जा काश्तकारी है। खसरा नं० 1780 कब्जा [illegible] बाग बगीचा तरतीब रकबा 0-24-49 पर भी कब्जा व काश्तकारी आज तक जारी है। खसरा नं० 1778 जिसका पहला खसरा नं० 418 था यह रकबा सूर्यनारायण मन्दिर से मेरे पूर्वजों को मिला था व नदी सतलुज के पास है। यह रकबा 1.2 बीघा है और 1952 में मकान के लिए उसके साथ लगती। चट्टान पर बना हुआ है। सन 1966-67 में कल भूमि का इन्तकाल (7.10) मेरे पूर्वजों के नाम हुआ था इजोदार से सारी की सारी जमीन की काश्तकारी की जाती रही है परन्तु 1775 में मकान, खलियान और सूर्यनारायण की जो भूमि काश्तकारी के लिए दी गयी थी जिसका पुराना खसरा नम्बर 419 दर्ज था अब खसरा नम्बर 1775 में खलियान 1776 में मकान व 1779 व 1780 कब्जा बजात खुद बिला लगान बन गया है को सरकारी घोषित किया गया है। जबकि इस रकबे पर 1952 से लगातार हमारा कब्जा व काश्तकारी रही है। सन 1905-6 में वन विभाग रामपुर की तरफ से नाजायज भूमि सम्बन्धि सरकारी नोटिस आया (प्राप्त) उस नोटिस के सन्दर्भ में वनविभाग रामपुर वनमण्डल अधिकारी के पास इस नोटिस के सन्दर्भ में पैरवी की गयी तो 14-3-2008 को वनमण्डल अधिकारी के फैसले में लिखा गया कि कब्जा बजात भूमि वाली भी वन भूमि नहीं होती बरी किया गया।

श्रीमान जी, सन 1972 में Land Selling Act के तहत उक्त भूमि सूर्यनारायण मन्दिर के पास हुआ करती थी उसके बाद मजारियत के तहत मन्दिर के मुजारों को काश्तकार करने वालों को मलकियत मालिक बनाया गया परन्तु मेरे व मेरे पूर्वजों के नाम से मलकियत दर्ज नहीं हुई। जबकि मेरे पूर्वज समय-2 पर मन्दिर में हवन पूजा पर मन्दिर को नजराना करते रहे इसके उपरान्त भी हमें उक्त भूमि से वंचित रखा गया जबकि इस भूमि पर कब्जा काश्त हमारे पास है जिसपर ग्रामवासी नीरथ का कोई कुछ एतराज नहीं है। अतः श्रीमान, उपमण्डल अधिकारी से निवेदन है कि मकान व खलियान का assessment करके मकान का उचित मोल व मकान के बदले में उतना ही रकबा दिया जाए। सन 2010 में हमारे मकान की पूरी छत क्षतिग्रस्त हुई मौका पर उच्चाधिकारी द्वारा मुआयना किया गया तो मालूम हुआ कि मकान सरकारी जमीन पर है ऐसा कहा गया जबकि यह मकान मन्दिर की आबादी देह में था। जबकि मकान 1952 का बना हुआ है आज भी खड़ा है।

अतः आपसे निवेदन है कि इस विषय में जानकारी में ग्राम पंचायत नीरथ के ग्राम वासियों से पूछा जाए की उक्त भूमि पर हम और हमारे पूर्वजों का कब्जा कब से है।

आपकी महान कृपा होगी
धन्यवाद।

भवदीय
पृथ्वी चन्द (सिंह) S/O स्व श्री जियालाल
ग्रा० व डा० नीरथ, तह० रामपुर बुशैहर, जि० शिमला

[illegible] 2018

F-La

सेवा में,

माननीय उप-मण्डलाधिकारी,
उप-मण्डल रामपुर बुशैहर,
जिला शिमला हि० प्र०

In charge AFC (Nameee) 10/7/13

विषय :- पंचायत नीरथ में जमीन व मकान की भूमि को मलकियत करने बारे प्रार्थना पत्र

मान्यवर जी,
नम्र निवेदन है कि मैं पृथ्वी-चन्द (सिंह) S/O स्व श्री जियालाल, कुल जिन्दु निवासी, गाँव व डा० नीरथ तह० रामपुर बुशैहर जिला शिमला हि० प्र० का स्थायी निवासी हूँ। मेरे पिताजी स्व श्री जीयालाल व स्व श्री सोहनलाल 2 भाई थे जिनकी मुश्तरीका शामिलात थी, स्व जियालाल के नाम से वारसान स्व० प्रेमचन्द व पृथ्वीसिंह है। प्रेमचन्द की मृत्यु हो चुकी है उनका वारसान करतारचन्द है। स्व० सोहनलाल के वारसान ज्ञानचन्द, रोशनलाल, जयादेवी, कुशल्यादेवी व कान्तादेवी है। पंचा नीरथ के अन्तर्गत खसरा नं० 1650, 1656, 1778 के अन्तर्गत हमारी मलकीयत 7.10 बीघा मलकीयत आती है जोकि लुहरी जलविद्युत परियोजना चरण I में डैम के अन्तर्गत भूमि अर्जित की जानी है सारी की सारी जमीन Section 4 के अन्तर्गत जलाशय के क्षेत्र में आ रही है साथ में मकान व खलियान भी जलाशय क्षेत्र में आ रहे हैं। खसरा नं० 1775 गैर मुमकिन खलियान 1776 में गैरमुमकिन मकान भी जलाशय क्षेत्र के अन्तर्गत आ रहे हैं। हमारी जमीन का कुल रकबा 7.10 बीघा का पूरा रकबा डैम में लग रहा है जिसका विवरण सेक्शन 4 के नोटिस में है परन्तु मकान व खलियान का नहीं है। इसके अतिरिक्त खसरा नं० 1779 में कब्जा अव्वल जुल उलिते तदादी रकबा 0-6-99 है भूमिपर सन 1952 से मेरे पूर्वजों का कब्जा काश्तकारी है। खसरा नं० 1780 कब्जा अव्वल बीला कलथार बगीचा तदादी रकबा 0-24-49 पर भी कब्जा व काश्तकारी आजकी ~~[illegible]~~ है। खसरा नं० 1778 जिसका पहला खसरा नं० 418 था यह रकबा सूर्यनारायण मन्दिर से मेरे पूर्वजों को मिला था व नदी सतलुज के पास है। यह रकबा 1.2 बीघा है और 1952 में मकान के लिए उसके साथ लगती। चट्टान पर बना हुआ है। सन 1966-67 में कुल भूमि का इन्तकाल (7.10) मेरे पूर्वजों के नाम हुआ था इजोदार से सारी की सारी जमीन की काश्तकारी की जाती रही है परन्तु 1775 में मकान, खलियान और सूर्यनारायण को जो भूमि काश्तकारी के लिए दी गयी थी जिसका पुराना खसरा नम्बर 419 पर था अब खसरा नम्बर 1775 में खलियान 1776 में मकान व 1779 व 1780 कब्जा अव्वल बिला कलथार बन गया है को सरकारी घोषित किया गया है। जबकि इस रकबे पर 1952 से लगातार हमारा कब्जा व काश्तकारी हमारी है। सन 1905-6 में वन विभाग रामपुर की तरफ से नाजायज भूमि सम्बन्धित सरकारी नोटिस आया (प्राप्त) उस नोटिस के सन्दर्भ में वन विभाग रामपुर वनमण्डल अधिकारी के पास इस नोटिस के सन्दर्भ में पैरवी की गयी तो 14-3-2008 का वनमण्डल अधिकारी के फैसले में लिखा गया कि कब्जा अव्वल भूमि वनों भी वन भूमि नहीं होती बरी किया गया।

श्रीमान जी, सन 1972 में Land Selling Act के तहत उक्त भूमि सूर्यनारायण मन्दिर के पास हुआ करती थी मुजेकबाद मजारियत के तहत मन्दिर के मुजारों को कब्जा काश्तकारों को मलकियत मालिक बनाया गया परन्तु मेरे व मेरे पूर्वजों के नाम से मलकियत दर्ज नहीं हुई। जबकि मेरे पूर्वज समय-2 पर मन्दिर में हवन पूजा पर मन्दिर को नजराना करते रहे इसके उपरान्त भी हमें उक्त भूमि से वंचित रखा गया जबकि इस भूमि पर कब्जा काश्त हमारे पास है जिसपर ग्रामवासी नीरथ का कोई कुतार एतराज नहीं है। अतः श्रीमान, उपमण्डल अधिकारी से निवेदन है कि मकान व खलियान का assignment करके मकान का उचित मुआवजा व मकान के बदले में उतना ही रकबा दिया जाए। सन 2010 में हमारे मकान की पूरी छत क्षतिग्रस्त हुई मौका पर उपमण्डलाधिकारी द्वारा मुआवजा किया गया तो मालूम हुआ कि मकान सरकारी जमीन पर बना था जबकि यह मकान मन्दिर की आबादी देह में था। जबकि मकान 1952 का बना हुआ है उसकी रिपोर्ट है।

अतः आपसे निवेदन है कि इस विषय में जानकारी में ग्राम पंचायत नीरथ के ग्राम वासियों से पूछा जाए की उक्त भूमि पर हमारे और हमारे पूर्वजों का कब्जा कब से है।

आपकी महान कृपा होगी
धन्यवाद

भवदीय
पृथ्वी चन्द (सिंह) S/O स्व श्री जीयालाल
ग्रा० व डा० नीरथ, तह० रामपुर बुशैहर, जि० शिमला

[illegible] 9/7/2018

F-La

कार्यालय ग्राम पंचायत, नीरथ

विकास खण्ड रामपुर, जिला शिमला (हि०प्र०)

पंचायती राज विभाग

क्रमांक .... दिनांक ....

नकल प्रस्ताव संख्या........................दिनांक बैठक पंचायत/ग्राम सभा........................

उपस्थिति........................अध्यक्षता श्री........................प्रधान ग्राम पंचायत, नीरथ

विषय :- प्रेषक :- प्रधान / सचिव
ग्राम पंचायत नीरथ
विकास खण्ड रामपुर बुशैहर

प्रेषित :- माननीय,
उप- मण्डाधिकारी (ना०)
उप-मण्डल रामपुर बुशैहर जिला शिमला (हि०प्र०)

विषय :- प्रस्तावित लूहरी जल विद्युत परियोजना चरण-I के सन्दर्भ में ग्राम पंचायत नीरथ की समस्त प्रभावित क्षेत्र की जनता की विभिन्न समस्याओं, मांगो व सुझावो के बारे ज्ञापन :-

---

मान्यवर जी, सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि प्रस्तावित लूहरी जल विद्युत परियोजना-चरण-I (LHEP) 210 मेगावाट की भूमि अर्जन से संभावित प्रभाव एवम् निवारण हेतू ड्राफ्ट सामाजिक समाघात निवारण (Social Impact Assessment Study Report) के सन्दर्भ में जन सुनवाई आज दिनांक 02-07-2018 को स्थान ग्राम पंचायत नीरथ में रखी गयी है। जिसमें 210 मेगावाट परियोजना का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। इस परियोजना का बांध स्थान, विद्युतगृह, डाईवर्जनटनल व 6 Km जलाशय (झील) बनाई जानी है। इन सभी कार्य को करने के लिए ग्राम पंचायत नीरथ, दत्तनगर, देहरा व गडेज के क्षेत्र में नीजि भूमि व सरकारी भूमि अधिग्रहित होनी है। परियोजना की सभी गतिविधियां, घटक (Componants) इसी क्षेत्र में होनी है। और प्रत्यक्ष रूप से उपरोक्त पंचायतों के क्षेत्र ही प्रभावित होने निश्चित है। परियोजना के लगने से इस क्षेत्र का विकास तो अवश्य होगा लेकिन प्रतिकूल असर भी पड़ेगा। मान्यवर जी, हर काम के दो पहलू होते हैं। यदि इस परियोजना के लगने से किसी तरह से क्षेत्र को लाभ होगा तो कहीं न कहीं हानि भी तो संभव है। इसलिए आम जनता की राय/मांग को ध्यानानुसार रखते हुए इस जन सुनवाई के अध्यक्ष महोदय

कार्यालय ग्राम पंचायत, नीरथ

विकास खण्ड रामपुर, जिला शिमला (हि०प्र०)

पंचायती राज विभाग

क्रमांक .... दिनांक ....

नकल प्रस्ताव संख्या.............................दिनांक बैठक पंचायत/ग्राम सभा.............................

उपस्थिति.....................अध्यक्षता श्री...प्रधान ग्राम पंचायत, नीरथ

विषय :- S.D.M. रामपुर व AFC के प्रमुख से आग्रह है कि समय रहते यहां की जनता की समस्याओं, मांगों व सुझावों को वर्तमान व आने वाले भविष्य अवधि में परियोजना के अन्तिम ड्राफ्ट में सुनिश्चित तरीके से दर्शाया जाए। ताकि भविष्य में किसी तरह का कोई गतिरोध पैदा न हो। आम जनता परियोजना को लगाने के हक में है। लेकिन परियोजना बनाने समबन्धित विभिन्न शर्तों पर विचार किया जाना व अम्ल में लाई जाना अति आवश्यक है। जो कि इस मंच से मौखिक रूप में निम्न इस प्रकार से है।

1) मान्यवर परियोजना का नाम बदलने व नामकरण बारे- मान्यवर जी लूहरी जल विद्युत परियोजना चरण -I (LHEP) 210 मैगावाट का नाम वर्तमान में अन्तिम प्रारूप रिपोर्ट के नाम से दर्शाया गया है। जो कि गलत है क्योंकि जब यह प्रारूप रिपोर्ट (Draft) बनाया गया उस समय जनता को विश्वास में नहीं लिया गया। किसी तरह की कोई भी जन सुनवाई नहीं की गई। अब जनता की मांग है कि परियोजना की सभी गतिविधियां (घटक (Components) जैसे बांध स्थान, विद्युत गृह, डाईवर्जन टनल, व जलाशय (झील) ग्राम पंचायत नीरथ, दत्तनगर, जिला शिमला व ग्राम पंचायत देहरा, धड़ेच, जिला कुल्लु के दोनों क्षेत्र में होनी है इसलिए परियोजना का नाम व स्थान, सूर्य-नारायण हाइड्रो विद्युत परियोजना के नाम से रखा जाए। क्योंकि सूर्य-नारायण मन्दिर केवल भारत वर्ष में नीरथ नामक स्थान पर स्थापित है जो कि अति प्राचीन एवं ऐतिहासिक दृष्टि से प्रसिद्ध है।

2) उठाऊ सिंचाई योजना व स्वच्छ पेय जल योजना बनाने बारे- मान्यवर जी, परियोजना के अन्तर्गत सबसे ज्यादा प्रभावित गांव, ग्राम पंचायत नीरथ के होने निरूपित है। क्योंकि परियोजना के लिए अधिग्रहण ... [illegible]

कार्यालय ग्राम पंचायत, नीरथ

विकास खण्ड रामपुर, जिला शिमला (हि०प्र०)

पंचायती राज विभाग

क्रमांक .... दिनांक ....

नकल प्रस्ताव संख्या.................................दिनांक बैठक पंचायत/ग्राम सभा.................................

उपस्थिति.......................अध्यक्षता श्री.................................प्रधान ग्राम पंचायत, नीरथ

विषय :- S.D.M. रामपुर व AFC के प्रमुख से आग्रह है कि समय रहते यहां की जनता की समस्याओं, मांगों व सुझावों को वर्तमान व आने वाले भविष्य अवधि में परियोजना के अन्तिम ड्राफ्ट में सुनिश्चित तरीके से दर्शाया जाए। ताकि भविष्य में किसी तरह का कोई गतिरोध पैदा न हो। आम जनता परियोजना को लगाने के हक में है लेकिन परियोजना बनाने सम्बन्धित विभिन्न शर्तों पर विचार किया जाना व अम्ल में लाई जाना अति आवश्यक है। जो कि इस मंच से मौखिक रूप में निम्न इस प्रकार से है।

1) ~~मान्यवर~~ परियोजना का नाम बदलने व नामकरण बारे –
मान्यवर जी लूहरी जल विद्युत परियोजना चरण -I (LHEP) 210 मैगावाट का नाम वर्तमान में अन्तिम प्रारुप रिपोर्ट के नाम से दर्शाया गया है। जो कि गलत है क्योंकि जब यह प्रारुप रिपोर्ट (Draft) बनाया गया उस समय जनता को विश्वास में नहीं लिया गया। किसी तरह की कोई भी जन सुनवाई नहीं की गई। अब जनता की मांग है कि परियोजना की सभी गतिविधियां (घटक (Components) जैसे बांध, स्थान, विद्युत गृह, डाईवर्जन टनल, व जलाशय (झील) ग्राम पंचायत नीरथ, दत्तनगर, जिला शिमला व ग्राम पंचायत देहरा, धड़ेच, जिला कुल्लु के दोनों क्षेत्र में होनी है इसलिए परियोजना का नाम व स्थान, सूर्य-नारायण हाइड्रो विद्युत परियोजना के नाम से रखा जाए। क्योंकि सूर्य-नारायण मन्दिर केवल भारत वर्ष में नीरथ नामक स्थान पर स्थापित है जो कि अति प्राचीन एवं ऐतिहासिक दृष्टि से प्रसिद्ध है।

2) उठाऊ सिंचाई योजना व स्वच्छ पेय जल योजना बनाने बारे :-
मान्यवर जी, परियोजना के अन्तर्गत सबसे ज्यादा प्रभावित गांव, ग्राम पंचायत नीरथ के होने निश्चित है। क्योंकि परियोजना के लिए अधिग्रहण [illegible]

कार्यालय ग्राम पंचायत, नीरथ

विकास खण्ड रामपुर, जिला शिमला (हि०प्र०)

पंचायती राज विभाग

क्रमांक .... दिनांक ....

नकल प्रस्ताव संख्या..........................दिनांक बैठक पंचायत / ग्राम सभा..........................

उपस्थिति..........................अध्यक्षता श्री..........................प्रधान ग्राम पंचायत, नीरथ

विषय :- जानी है वह भूमि सिंचित भूमि क्यार किस्म की है। इस भूमि पर पैत्रिक समय से लोग अपना जीवन निर्वाह करते आ रहे हैं और जीविका का मुख्य स्रोत है। अब उपरोक्त सिंचित भूमि परियोजना के निर्माण के लिए अधिग्रहित की जानी निश्चित है। अब अधिकतर नीजि भूमि मालिकों की जमीन इसी पंचायत क्षेत्र में उपलब्ध है पर यह भूमि बंजर भूमि व असिंचित किस्म की है। जो कि वर्षा पर निर्भर रहती है। इस ऐवज में जनता की मुख्य मांग यह है कि जो बंजर भूमि व असिंचित भूमि को उपजाऊ योग्य बनाने के लिए परियोजना द्वारा सरकार के माध्यम से उठाऊ सिंचाई व पेयजल योजना बनाई जाए। ताकि किसान आत्मनिर्भर हो सके तथा उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

3) आधुनिक गांव (Model Village) विकसित करने बारे:- मान्यवर जी परियोजना के बनने से सबसे ज्यादा प्रभावित गांव नीरथ होना निश्चित है। क्योंकि परियोजना की सभी गतिविधियां गांव नीरथ में या इस क्षेत्र के आस पास ही होनी है। इसलिए गांव नीरथ को आधुनिक गांव (Model Village) के रुप में विकसित किया जाए।

4) उचित मुआवजा दिलवाने बारे :- यह कि परियोजना के निर्माण के लिए ग्राम पंचायत नीरथ के अन्तर्गत चक नवोला में नीजि भूमि 00-42-48 हैक्टेयर 5.6 बीघा चक नीरथ में 08-98-20 है 119.44 बीघा क्या किस्म सिंचित भूमि अधिग्रहित की जा रही है। साथ ही साथ यह भूमि N.H.5 राष्ट्रीय उच्च मार्ग के साथ-2 है। इस भूमि पर अनाज फसलों के अलावा बादाम, पलम, आम, लिच्ची, अनार फलों व सभी प्रकार की नकदी

कार्यालय ग्राम पंचायत, नीरथ

विकास खण्ड रामपुर, जिला शिमला (हि०प्र०)

पंचायती राज विभाग

क्रमांक .... दिनांक ....

नकल प्रस्ताव संख्या.................................दिनांक बैठक पंचायत/ग्राम सभा..................................

उपस्थिति.......................अध्यक्षता श्री...प्रधान ग्राम पंचायत, नीरथ

विषय :- फसले, सब्जियां भी उगाई जाती हैं। राष्ट्रीय उच्च मार्ग व सिंचित भूमि होने के साथ-साथ आने वाले समय में इनकी बढ़ती उपयोगिता व गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए भूमि का मुआवजा उचित दर पर निर्धारित किया जाए।

5) स्थाई रोजगार, पुर्नवास और पुर्नस्थापन योजना बारे-
मान्यवर जी, परियोजना से प्रभावित भूमिहीन मालिकों के परिवार में से एक सदस्य को उसकी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर स्थाई रोजगार (SJVNL) उपक्रम में उपलब्ध करवाया जाए। क्योंकि अन्य परियोजना के उपक्रम जैसे - NHPCL, UJVNL, व HPPCL की तर्ज पर प्रभावित परिवारों को स्थाई रोजगार प्रदान किया जाता है जो कि भारत सरकार व हिमाचल प्रदेश सरकार व प्रबन्धन के बीच जो समझौता नामा MOU किया जाता है या किया गया है उसमें भी 70% रोजगार स्थानीय युवा-युवतियों को प्राथमिकता के आधार पर दिया जाने के लिये वचन बद्ध है। तथा परियोजना में प्रभावित परिवार व प्रभावित पंचायत क्षेत्र के समस्त युवा युवतियों को रोजगार, ठेकेदारी, छोटे वाहन, बड़े वाहन, मशीनरियों को कार्य पर लगाने में उचित रियायते देकर कार्य का आंवटन किया जाए। तथा उच्च शिक्षा व उच्च तकनीकि शिक्षा ग्रहण कर रहे युवा-युवतियों को छात्र-वृति दी जाए।

6) पॉलटैकनिक इन्जीनियरिंग संस्थान, शैक्षणिक संस्थान, व स्वास्थ्य सेवा बारे-: परियोजना के माध्यम से यहां की प्रभावित छः पंचायतों के क्षेत्र में केन्द्रीय बिन्दु मानकर/

कार्यालय ग्राम पंचायत, नीरथ

विकास खण्ड रामपुर, जिला शिमला (हि०प्र०)

पंचायती राज विभाग

क्रमांक .... दिनांक ....

नकल प्रस्ताव संख्या.................................दिनांक बैठक पंचायत/ग्राम सभा....................................

उपस्थिति........................अध्यक्षता श्री...प्रधान ग्राम पंचायत, नीरथ

विषय :- एक पॉलिटैक्निकल इन्जीनियरिंग, एक केन्द्रीय उच्च विद्यालय या D.A.V स्कूल और एक उच्च तकनीकि अस्पताल होना अति आवश्यक है। तथा एक एम्बोलैन्स सेवा उपलब्ध करवाई जाए ताकि जनता को आपातकाल स्थिति मे यहां और बीमार व्यक्तियों को स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध हो सके।

प्रधान
ग्राम पंचायत नीरथ
विकास खण्ड रामपुर
जिला शिमला (हि.प्र.)

F-65

पंजीकरण सं0 Rmp(GA)/2010-25

सूर्य नारायण बाँध विस्थापित संघर्ष समिति, नीरथ

डाकघर नीरथ तहसील रामपुर बुशैहर जिला शिमला (हि0 प्र0)

आज दिनांक........./..........सूर्य नारायण बाँध विस्थापित संघर्ष समिति, नीरथ की बैठक प्रधान श्री................/.................. की अध्यक्षता में........./..........सदस्यों की उपस्थिति में हुई, जिसमें निम्नलिखित प्रस्ताव सर्व सहमती से पारित हुए ।

क्रमांक.............. / प्रस्ताव संख्या........./........ दिनांक 02-07-2018

विषय :- प्रेषक :- प्रधान / सचिव,
सूर्य नारायण बाँध विस्थापित संघर्ष समिति, नीरथ,
डा० नीरथ तहसील रामपुर बुशैहर, जिला शिमला (हि० प्र०)

प्रेषित :- माननीय
उप-मण्डाधिकारी (ना०)
उप-मण्डल रामपुर बुशैहर जिला शिमला (हि० प्र०)

विषय :- प्रस्तावित लुहरी जल विद्युत परियोजना चरण-1 के संदर्भ में ग्राम पंचायत नीरथ की समस्त प्रभावित क्षेत्र की जनता की विभिन्न समस्याओं, मांगों व सुझावों के बारे ज्ञापन :-

मान्यवर जी,

सर्व सहमति से प्रस्ताव पारित किया गया कि प्रस्तावित लुहरी जल विद्युत परियोजना चरण-1 (LHEP) 210 मैगावाट की भूमि अर्जन से संभावित प्रभाव एवम् निवारण हेतु ड्राफ्ट सामाजिक समाघात निवारण (Social Impact Assessment Study Report) के सन्दर्भ में जन सुनवाई आज दिनांक 02-07-2018 को स्थान ग्राम पंचायत नीरथ में रखी गई है। जिसमें 210 मैगावाट परियोजना का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। इस परियोजना का बान्ध स्थल, विद्युत गृह, डाईवर्जन टनल व 6 किलोमीटर जलाशय (झील) बनाई जानी है। इन सभी कार्य को करने के लिए ग्राम पंचायत नीरथ, दत्तनगर, देहरा व जंजेड़ के क्षेत्र में नीजि भूमि व सरकारी भूमि अधिग्रहित होनी है। परियोजना की सभी गतिविधियां, घटक (Componants) इसी क्षेत्र में होनी है और प्रत्यक्ष रूप से उपरोक्त पंचायतों के क्षेत्र ही प्रभावित होने निश्चित है। परियोजना के लगने से इस क्षेत्र का विकास तो अवश्य होगा लेकिन प्रतिकूल असर भी पड़ेगा। मान्यवर जी, हर कार्य के दो पहलू होते हैं। यदि इस परियोजना के लगने से जिस तरह से क्षेत्र को लाभ होगा तो कहीं न कहीं हानि भी तो सम्भव है। इसलिए आम जनता की सहमति को मद्देनजर रखते हुए जन सुनवाई के अध्यक्ष महोदय S.D.M. रामपुर व AFC के प्रमुख से आग्रह है कि समय रहते यहां की जनता की समस्याओं, मांगों व सुझावों को वर्तमान व आने वाले भविष्य अवधि में परियोजना के अन्तिम ड्राफ्ट में सुविधित तरीके से दर्शाया जाए। ताकि भविष्य में किसी तरह का कोई गतिरोध पैदा

प्रमाणित किया जाता है कि नकल प्रस्ताव मुताबिक सही व दरूस्त है जोकि कार्यवाही में विद्यमान है।

पंजीकरण सं0 Rmp(GA)/2010-25

सूर्य नारायण बाँध विस्थापित संघर्ष समिति, नीरथ

डाकघर नीरथ तहसील रामपुर बुशैहर जिला शिमला (हि0 प्र0)

आज दिनांक..सूर्य नारायण बाँध विस्थापित संघर्ष समिति, नीरथ की बैठक प्रधान श्री... की अध्यक्षता में...........................सदस्यों की उपस्थिति में हुई, जिसमें निम्नलिखित प्रस्ताव सर्व सहमती से पारित हुए ।

क्रमांक.................... प्रस्ताव संख्या..................... दिनांक 01-07-2018

विषय :- न हो। आम जनता परियोजना को लगाने के हक में है लेकिन परियोजना बनाने सम्बन्धित विभिन्न शर्तों पर विचार किया जाना व अमल में लाई जाना अति आवश्यक है। जो कि इस मंच से मौखिक व लिखित रूप में निम्न इस प्रकार से है।

(1). मान्यवर जी, लुहरी जल विद्युत परियोजना के निर्माण कार्य, प्राप्रूप व समय अवधी बारे विचार :-

मान्यवर जी लुहरी जल विद्युत परियोजना चरण-I (LHEP) जो कि पिछले 10-12 वर्षों से प्रस्तावित है। इस बारे प्रबन्धन द्वारा कई बार प्रारूप तैयार किया है। परियोजना के लिए नीजि व सरकारी भूमि का चयन करके राजस्व विभाग द्वारा भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया धारा-(4) जो कि 7 अगस्त 2010 तथा 3 जून 2011 को अधिसूचना के तहत लगाई गई थी। इस अवधी से बेकार आज तक नीजि भूमि मालिकों को अपनी निविधित [illegible] भूमि से वंचित रखा गया होना रहना पड़ा। जनता की मांग है कि पिछली अवधी से किसानों की भूमि से जो फसलों से आमदनी होनी थी उसकी भरपाई प्रबन्धन व सरकार किस तरह से पूरी करेंगे। क्योंकि जनता का विश्वास परियोजना से कुछ हद तक उठ चुका है। अतः यदि दोबारा इस परियोजना को समय रहते लगाना या बनाना है तो प्रबन्धन व सरकार जनता के विश्वास व हीत को मद्धयनजर रखते हुए अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने की कृपा करें। ताकि जनता को परियोजना से उचित लाभ मिल सके।)

(2). परियोजना का नाम बदलने व नामकरण बारे :-

मान्यवर जी लुहरी जल विद्युत परियोजना चरण-1 (LHEP) 210 मैगावाट का नाम वर्तमान में अन्तिम प्रारूप रिपोर्ट के नाम से दर्शाया गया है। जो कि गलत है क्योंकि जब यह प्रारूप रिपोर्ट (Draft) बनाया गया उस समय जनता को विश्वास में नहीं लिया गया। किसी तरह की कोई भी जन सुनवाई नहीं की गई। अब जनता की मांग है कि परियोजना को सभी गतिविधियाँ घटक (Components) जैसे बाँध स्थल, विद्युत गृह, डाईवर्जन टनल, व जलाशय (झील) ग्राम पंचायत नीरथ, दत्तनगर, जिला शिमला व ग्राम पंचायत देहरा धोगी, जिला कुल्लु के दोनों क्षेत्र में होनी है। इसलिए परियोजना का नाम

प्रमाणित किया जाता है कि नकल प्रस्ताव मुताबिक सही व दरूस्त है जोकि कार्यवाही में विद्यमान है ।

पंजीकरण सं० Rmp(GA)/2010-25

सूर्य नारायण बाँध विस्थापित संघर्ष समिति, नीरथ

डाकघर नीरथ तहसील रामपुर बुशैहर जिला शिमला (हि० प्र०)

आज दिनांक.............................सूर्य नारायण बाँध विस्थापित संघर्ष समिति, नीरथ की बैठक प्रधान श्री.. की अध्यक्षता में.....................सदस्यों की उपस्थिति में हुई, जिसमें निम्नलिखित प्रस्ताव सर्व सहमती से पारित हुए ।

क्रमांक.................... प्रस्ताव संख्या.................... दिनांक 02-05-2018

विषय :- व स्थान सूर्य नारायण हाइड्रो विद्युत परियोजना के नाम से रखा जाए। क्योंकि सूर्य नारायण मन्दिर केवल भारतवर्ष में नीरथ नामक स्थान पर स्थापित है जो कि अति प्राचीन एवं ऐतिहासिक दृष्टि से प्रसिद्ध है। इसलिए परियोजना का नाम लुहरी जल विद्युत परियोजना चरण-1 के बदले सूर्य नारायण हाइड्रो विद्युत परियोजना के नाम से रखा जाए। तथा परियोजना का मुख्य कार्यालय भी गांव नीरथ में स्थापित किया जाए। ताकि विश्व के मानचित्र ~~पर~~ इस स्थान की महत्वता अधिक बढ़ जाए।

(3.) डम्पिंग साईट को गांव नीरथ, पदराश चक में भूमि अधिग्रहित किए जाने बारे:-

यह कि परियोजना द्वारा अभी तक डम्पिंग साईट दूसरी जगह स्थापित की गई है। जब कि परियोजना की सभी गतिविधियाँ घटक (Components) ग्राम पंचायत नीरथ व ग्राम पंचायत देहरा में आ रही है। इसलिए डम्पिंग साईट भी इसी क्षेत्र में स्थापित की जाए। ताकि भविष्य में सभी विकासात्मक कार्य जैसे आवासीय कालोनी, शैक्षणिक संस्थान, चिकित्सालय, कार्यालय, पार्क, खेल मैदान जैसी आधार भूत सुविधाएं उपलब्ध हो सके। यदि यह सम्भव है तो इस विषय पर ध्यान दिया जाए।

(4.) <u>जल उठाऊ सिंचाई योजना व ~~[illegible]~~ पेय जल योजना बनाने बारे:-</u>

माननीय जी, परियोजना के अन्तर्गत सबसे ज्यादा प्रभावित गांव, ग्राम पंचायत नीरथ के होने निश्चित हैं। क्योंकि परियोजना के लिए अधिकतर जो भी भूमि अधिग्रहित की जानी है वह भूमि सिंचित भूमि स्यार किस्म की है इस भूमि पर पैतृक समय से लोग अपना जीवन निर्वाह करते आ रहे हैं और जीविका का मुख्य स्रोत है। अब उपरोक्त सिंचित भूमि परियोजना के निर्माण के लिए अधिग्रहित की जानी निश्चित है। अब अधिकतर नीरथ भूमि मालिकों की जमीन इसी पंचायत क्षेत्र में उपलब्ध है पर यह भूमि बंजर भूमि व असिंचित किस्म की है। जो कि वर्षा पर निर्भर

प्रमाणित किया जाता है कि नकल प्रस्ताव मुताबिक सही व दरुस्त है जोकि कार्यवाही में विद्यमान है।

F-6

(5)

पंजीकरण सं0 Rmp(GA)/2010-25

सूर्य नारायण बाँध विस्थापित संघर्ष समिति, नीरथ

डाकघर नीरथ तहसील रामपुर बुशैहर जिला शिमला (हि0 प्र0)

आज दिनांक.................सूर्य नारायण बाँध विस्थापित संघर्ष समिति, नीरथ की बैठक प्रधान श्री.................की अध्यक्षता में.................सदस्यों की उपस्थिति में हुई, जिसमें निम्नलिखित प्रस्ताव सर्व सहमती से पारित हुए ।

क्रमांक................. प्रस्ताव संख्या................. दिनांक 02-07-2018

विषय :- रहती है। इस ऐवज में जनता की मुख्य माँग यह है कि जो बंजर भूमि व असिंचित भूमि को उपजाऊ योग्य बनाने के लिए परियोजना द्वारा सरकार के माध्यम से उठाऊ सिंचाई व पेय जल योजना बनाई जाए ताकि पंचायत के सभी प्रभावित गांवों के किसानों को अपनी भूमि को उपजाऊ बनाकर आत्म निर्भर हो सकें। ताकि आने वाले समय में हमारी पीढ़ियों को किसी तरह से कोई परेशानी का सामना न करना पड़े।

(5). आधुनिक गांव (Modal Village) विकसित करने बारे:-

आवश्यकता परियोजना के बनने से सबसे ज्यादा प्रभावित गांव नीरथ होना निश्चित है। क्योंकि परियोजना की सभी गतिविधियां गांव नीरथ में या इसके आस-पास ही होनी है। इसलिए गांव नीरथ को आधुनिक गांव (Modal Village) के रूप में विकसित किया जाए। जिसमें सभी आधारभूत मूल सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाए।

(6) उचित मुआवजा दिलवाने बारे:-

यह कि परियोजना के निर्माण के लिए ग्राम पंचायत नीरथ के अन्तर्गत चक नरोला में नौतोड़ भूमि 00-42-48 है
5. बीघा चक नीरथ में 08-78-20 है 119.44 बीघा स्वार किस्म सिंचित भूमि अधिग्रहित की जा रही है। साथ ही साथ यह भूमि N.H.5 राष्ट्रीय उच्चमार्ग के साथ-साथ है। इस भूमि पर अनाज फसलों के अलावा बादाम, पलम, आम, लिच्ची, अनार फलों व सभी प्रकार की नगदी फसलें, सब्जीयां भी उगाई जाती है। इस भूमि की पूर्व में, वर्तमान में व भविष्य में बहुत उपयोगी सिद्ध रही है। राष्ट्रीय उच्च मार्ग व सिंचित भूमि होने के साथ-साथ आने वाले समय में इसकी बढ़ती उपयोगिता व गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए भूमि का मुआवजा उचित दर पर निर्धारित किया

प्रमाणित किया जाता है कि नकल प्रस्ताव मुताबिक सही व दरूस्त है जोकि कार्यवाही में विद्यमान है।

(3)

पंजीकरण सं0 Rmp(GA)/2010-25

सूर्य नारायण बाँध विस्थापित संघर्ष समिति, नीरथ

डाकघर नीरथ तहसील रामपुर बुशैहर जिला शिमला (हि0 प्र0)

आज दिनांक..सूर्य नारायण बाँध विस्थापित संघर्ष समिति, नीरथ की बैठक प्रधान श्री.. की अध्यक्षता में........................सदस्यों की उपस्थिति में हुई, जिसमें निम्नलिखित प्रस्ताव सर्व सहमती से पारित हुए ।

क्रमांक.................. प्रस्ताव संख्या.................. दिनांक 02-07-2018

विषय :- जाए। केन्द्रीय सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 के बदले 2015 लागू किया जाए। उसका मूल्यांकन एक होना चाहिए (Flat Rate) SIA की ~~रिपोर्ट~~ ड्राफ्ट रिपोर्ट के पृष्ठ संख्या 46,47 पर भूमि मूल्य की गणना के लिए पाँच श्रेणीयां बनाई गई है। जो कि राष्ट्रीय उच्च मार्ग व अन्य सड़कों से अलग-अलग दूरी पर स्थित खेती और गैर खेती वाली भूमि की प्रत्येक उप-श्रेणी के लिए विभिन्न दरों को निर्धारित किया गया है जिसमें सभी जगहों के लिए श्रेणी 4 को ~~[illegible]~~ एकल दर पर विचार किया गया है। लेकिन यह गलत है। ~~क्योंकि~~ जनता की मांग है कि ~~सभी~~ - यह एकल दर श्रेणी। से निर्धारित किया जाए जो कि 0-25 मीटर के अन्दर आना चाहिए। यह दर सभी क्षेत्र में एक तरह की है।

(7). स्थाई रोजगार, पुनर्वास और पुनर्स्थापन योजना बारे :-

→ सन्धवरशी परियोजना में प्रभावित प्रभावित भूमि हीन मालिकों के परिवार में से एक सदस्य को उसकी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर स्थाई रोजगार SJVNL उपक्रम में उपलब्ध करवाया जाए। क्योंकि अन्य परियोजना के उपक्रम जैसे :- NHPCL, UJVNL, व HPPCL की तर्ज पर प्रभावित परिवारों को स्थाई रोजगार प्रदान किया जाता है जो कि भारत सरकार व हिमाचल प्रदेश सरकार व प्रबन्धन के बीच जो समझौता नामा MOU किया जाता है या किया गया है उसमें भी 70% रोजगार स्थानिय युवा-युवतियों को प्राथमिकता के आधार पर दिया जाने के लिए वचन बद्ध है। तथा परियोजना में प्रभावित परिवार व प्रभावित पंचायत क्षेत्र के समस्त युवा युवतियों को रोजगार, ठेकेदारी, छोटे वाहन, बड़े वाहन, मशीनरियों को काम पर लगाने में उचित हिस्से देकर काम का आवंटन किया जाए। तथा उच्च शिक्षा व उच्च तकनीकि शिक्षा ग्रहण कर रहे युवा-युवतियों को छात्र वृत्ति दी जाए। तथा SJVNL में जब किसी भी पदों के लिए साक्षात्कार लिए जाते है तो प्रभावित परिवार के छात्रों को विशेष छूट बोनस निर्धारित किया जाए।

प्रमाणित किया जाता है कि नकल प्रस्ताव मुताबिक सही व दरुस्त है जोकि कार्यवाही में विद्यमान है ।

पंजीकरण सं0 Rmp(GA)/2010-25

सूर्य नारायण बाँध विस्थापित संघर्ष समिति, नीरथ

डाकघर नीरथ तहसील रामपुर बुशैहर जिला शिमला (हि0 प्र0)

आज दिनांक.................................सूर्य नारायण बाँध विस्थापित संघर्ष समिति, नीरथ की बैठक प्रधान

श्री... की अध्यक्षता में.........................सदस्यों की उपस्थिति में हुई,

जिसमें निम्नलिखित प्रस्ताव सर्व सहमती से पारित हुए ।

क्रमांक.................... प्रस्ताव संख्या.................... दिनांक 01-07-2014

विषय :- (8) धार्मिक स्थल व सास्कृतिकी के संरक्षण बारे:-

यह कि ग्राम पंचायत नीरथ के अन्तर्गत गाँव नीरथ में प्राचीन एवम् ऐतिहासिक सूर्यनारायण मन्दिर व दुर्गा माता मन्दिर स्थापित है। जो कि प्राचीन काल से निर्मित है। इन धार्मिक स्थलों में यहाँ की आम जनता की आस्था व धरोहर है। इसलिए इस धार्मिक स्थल का संरक्षण व जीर्णोद्धार परियोजना के माध्यम से किया जाए। साथ ही साथ यहाँ के विभिन्न गाँवों में छोटे-छोटे अन्य मन्दिर भी है। इनका भी संरक्षण किया जाए।

(9) प्रर्यटन व इको टूरिज्म को विकसित करने बारे:-

परियोजना के माध्यम से क्षेत्र को प्रर्यटन व इको टूरिज्म को विकसित किया जाए। जैसे: जल क्रीड़ा मतस्य और बोटिंग गतिविधियों को बढ़ाया जाए तथा यहाँ के बेरोजगार युवाओं को इन बारे प्रशिक्षण प्रदान करने का प्रावधान किया जाए।

10. पोलिटेकनिक इन्जीनियरिंग संस्थान, शैक्षणिक संस्थान, व स्वास्थ्य सेवा बारे

परियोजना के माध्यम से यहाँ की प्रभावित (छः) पंचायतों के क्षेत्र में केन्द्रीय बिन्दु मान कर एक पोलिटेकनिकल इन्जीनियरिंग, एक केन्द्रीय उच्च विद्यालय या D-A.V स्कूल और एक उच्च तकनीकी अस्पताल होना अति आवश्यक है। तथा एक एम्बोलेन्स सेवा उपलब्ध करवाई जाए ताकि जनता को आपातकाल स्थिति में यहाँ की विभिन्न व्यक्तियों को स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध हो। सके।

(11) मुफ्त बिजली दिलवाने बारे:-

परियोजना के माध्यम से प्रभावित पंचायत क्षेत्र की जनता को परियोजना के आरम्भ होते ही मुफ्त बिजली की सुविधा उपलब्ध करवाई जाए। तथा आजीवन काल तक सुविधा दी जाए। क्योंकि परियोजना इसी क्षेत्र में बनाई जानी है।

प्रमाणित किया जाता है कि नकल प्रस्ताव मुताबिक सही व दरुस्त है जोकि कार्यवाही में विद्यमान है ।

पंजीकरण सं0 Rmp(GA)/2010-25

सूर्य नारायण बाँध विस्थापित संघर्ष समिति, नीरथ

डाकघर नीरथ तहसील रामपुर बुशैहर जिला शिमला (हि0 प्र0)

आज दिनांक.................................सूर्य नारायण बाँध विस्थापित संघर्ष समिति, नीरथ की बैठक प्रधान श्री... की अध्यक्षता में.......................सदस्यों की उपस्थिति में हुई, जिसमें निम्नलिखित प्रस्ताव सर्व सहमती से पारित हुए ।

क्रमांक.................... प्रस्ताव संख्या.................... दिनांक 02-0[illegible]

विषय :-(12) कैटपालन व वनीकरण के बारे।

यह कि परियोजना के माध्यम से क्षेत्र में कैटपालान के तहत प्रजा से जो धन का प्रावधान रखा जाता है उस धन को उपयोग इसी क्षेत्र में खर्चा किया जाए। जिससे खाली वन भूमि प[र] वृक्षारोपण भूमि कटाव रोकने, जल संरक्षण व पर्यावरण से सम्बन्धित का[र्यों] पर खर्च किया जाए। जिसमें यहां की स्थानीय जनता निकाय की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। तथा उसकी जाँच के लिए सतर्कता कमेटी का गठ[न] किया जाए।

13. श्मशान घाटों के निर्माण बारे:-

परियोजना के बनने से यहां के श्मशान घा[ट] झील में डूब जाएंगे। क्योंकि अभी तक यहां की जनता अन्तिम संस्कार सतलुज नदी के किनारों पर करते हैं। इसलिए नई तकनीकी से धुआंरहित श्मशान घाटों को प्रत्येक समस्त गांवों को बनाए जाने का प्रावधान किया जाए। ताकि पर्यावरण पर भी कोई गलत असर न पड़े।

14. पात्रता आव्यूह (एनटाइटलमेंट मैट्रिक्स) प्रणाली को सुदृढ़ बनाए जाने बारे:

एक पात्रता आव्यूह (एनटाइटलमेंट मैट्रिक्स) भारत सरकार और हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा बनाए गए कानूनों, नियमों, नीतियों के अनुपालन में विकसित [किया] गया है। पात्रता आव्यूह, हानियों के प्रकार और संबंधित प्रकृति और अधिकार के दायरे को परिभाषित करता है। पात्रता आव्यूह की तालिका में जो प्रावधा[न] किए गए हैं उसे बढ़ाया जाए। जैसे Page No 73 पर (a) (ii) व्यवसायी शैड या धा[र्मिक] दुकानों को पुनःस्थापन के लिए जो राशि 25,000 से 1,00,000/- की की जाए। नीति संस्थानों को नुकसान Page No 74 के (b) कॉलम में विस्थापित परिवारों के लिए RTFCTLARR अधिनियम 2013 के प्रावधानों के अनुसार 50,000/ रुपये के बदले 5,00,000/- रुपये का एकमुश्त भत्ता दिया जाए। (d) कॉलम: विस्थापित परिवारों के लिए 36,000/- रुपये का जीवन निर्वाह subsid[y] को बढ़ाकर 1,00,000/- रुपये किया [illegible]

डाकघर नीरथ तहसील रामपुर बुशैहर जिला शिमला (हि० प्र०)

आज दिनांक........./.........सूर्य नारायण बाँध विस्थापित संघर्ष समिति, नीरथ की बैठक प्रधान

श्री........./......... की अध्यक्षता में ..../.......सदस्यों की उपस्थिति में हुई, जिसमें निम्नलिखित प्रस्ताव सर्व सहमती से पारित हुए ।

क्रमांक.................. प्रस्ताव संख्या...1)............ दिनांक 02-07-2018

विषय :- (15) C.S.R. और LADA की धन राशि को प्रभावित पंचायत क्षेत्र में ही खर्च करने बारे :-

परियोजना के माध्यम से जो C.S.R और LADA की जो धन राशि खर्च की जाती है वह केवल प्रभावित पंचायत क्षेत्र में ही खर्च किया जाए। क्योंकि आज से पहले यह धन राशि बाहर दूसरी जगह खर्च की जाती है। इस विषय को अधिकारियों से आग्रह है कि ग्राम सभा और पंचायत और प्रभावित पंचायत कमेटी को विश्वास में लेकर खर्च की जाए।

उपरोक्त सभी मांगों सुझावों व समस्याओं के बारे में जो सभी बैठक के मुद्दों पर सरकार व प्रबन्धन ठोस कदम उठाए जाएं। अन्यथा उपरोक्त कार्यवाही यदि समय से नहीं की गई तो लोगों को परियोजना के खिलाफ में आंदोलित होगी। जिसके लिए घरों को उजाड़ना प्रशासन का दरवाजा भी खटखटाया सकती है। अतः किसी कानून वास्तविक समझा जाए और अमल में लाई जाए।

आपकी महान कृपा होगी जी।

धन्यवाद

सचिव
सूर्य नारायण बांध विस्थापित संघर्ष समिति
नीरथ, तह० रामपुर बुशैहर
जिला शिमला (हि० प्र०)
Cont: 98821-35531.

भवदीय
प्रधान
सूर्य नारायण बांध विस्थापित संघर्ष समिति, नीरथ, तह० रामपुर
बुशैहर, जिला शिमला हि० प्र०
Cont No. 98165-04193

प्रमाणित किया जाता है कि नकल प्रस्ताव मुताबिक सही व दुरुस्त है जोकि कार्यवाही में विद्यमान है ।

पंजीकरण सं० Rmp(GA)/2010-25

सूर्य नारायण बाँध विस्थापित संघर्ष समिति, नीरथ

डाकघर नीरथ तहसील रामपुर बुशैहर जिला शिमला (हि० प्र०)

आज दिनांक..सूर्य नारायण बाँध विस्थापित संघर्ष समिति, नीरथ की बैठक प्रधान श्री.. की अध्यक्षता में........................सदस्यों की उपस्थिति में हुई, जिसमें निम्नलिखित प्रस्ताव सर्व सहमती से पारित हुए ।

क्रमांक.................... प्रस्ताव संख्या.................... दिनांक....................

विषय :-

क्र० संख्या	नाम	गाँव	हस्ताक्षर
1	श्री पूर्ण सिंह चौहान	निनहू	[signature]
2	श्री राजेश भण्डारी	बलधाना	[signature]
3	श्री पदम दास भण्डारी	-do-	[signature]
4			
5	श्री सतपाल शर्मा	नीरथ	[signature]
6	श्री प्यारे लाल धीमान	नीरथ	[signature]
7	श्री सन्तोष [illegible]	मरेड़ला	Sharma
8	श्री रघु दास पालसरा	डोई	
9	श्री तारा चन्द चौहान	निनहू	[signature] धुराम
10	श्री राजेन्द्र भण्डारी	बलधाना	
11	देवेन्द्र कुमार	नीरथ	[signature]
12			
13	हिम्मत कुमार	डोई	Himmat
14	विक्रम देव शर्मा	नीरथ	[signature]
15	जालम सिंह	नीरथ	जालमसिंह
16	देव राज	नीरथ	[signature]
17	सुन्दर वीर सिंह	नीरथ	[signature]
18	पायल ठाकुर	नीरथ	[signature]
19	श्रीमति सवीता कंवर	नीरथ	सवीता/कंवर
20	परीक्षित शर्मा	नीरथ	Sharma
21	श्रीमति कीर्ती शर्मा	नीरथ	कीर्ती देवी
22	श्रीमति कमलेश शर्मा	नीरथ	कमलेश

डाकघर नीरथ तहसील रामपुर बुशैहर जिला शिमला (हि० प्र०)

आज दिनांक........................सूर्य नारायण बाँध विस्थापित संघर्ष समिति, नीरथ की बैठक प्रधान

श्री. .... की अध्यक्षता में.....................सदस्यों की उपस्थिति में हुई,

जिसमें निम्नलिखित प्रस्ताव सर्व सहमती से पारित हुए ।

क्रमांक.................... प्रस्ताव संख्या.................... दिनांक....................

विषय :-	नाम	गांव	हस्ताक्षर
26	श्री राम दयाल भण्डारी	बलथाना	Ram dayal
27	राकेश कुमार	नीरला	[signature]
28	~~सुरजीत सिंह~~	~~नरोला-रोपड़ी~~	[signature]
29	मोलदीय	नीरथ	[signature]
30	प्यारे लाल भण्डारी	बलथाना	प्यारेलाल
31	श्री गोविन्दर राजपूत	बरकोहली	[signature]
32	पिंगला चौहान	निनगू	[signature]
33	आशा देवी	बरकोली	आशादेवी
34	ज्ञान चन्द	नीरथ	ज्ञान चन्द
35	शिव लाल	बलथाना	[signature]
36	गोपाल भण्डारी	-do-	[signature]
37	दुर्गेश भण्डारी	-do-	Gopal bhandari
38	किशन दास	बलथाना	किशनदास
39	रमेश सिंह	बलथाना	[signature]
40	Gamdan Singh	Balthana	[signature]
41	Veer Singh	Chunja	[signature]
42	Jagdish	Balthana	Singh
43	Rajinder Singh	-do-	[signature]
44	Rajpal Bhandari	-do-	Bhandari
45	Budh	टोरा	Budh
46	प्रदीप		[signature]
47	Sunil Kumar	Do.	[signature]
48	Jawahar Lal	Dari	[signature]
49	Pramod Kumar	do	[signature]

प्रमाणित किया जाता है कि नकल प्रस्ताव
... सही व दुरुस्त है जोकि कार्यवाही
... पन है ।

F-75

डाकघर नीरथ तहसील रामपुर बुशैहर जिला शिमला (हि0 प्र0)

आज दिनांक..................................सूर्य नारायण बाँध विस्थापित संघर्ष समिति, नीरथ की बैठक प्रधान

श्री... की अध्यक्षता में....................सदस्यों की उपस्थिति में हुई,

जिसमें निम्नलिखित प्रस्ताव सर्व सहमती से पारित हुए ।

क्रमांक.................. प्रस्ताव संख्या.................. दिनांक..................

विषय :-	नाम	गांव	हस्ताक्षर
26	श्री राम दयाल भण्डारी	बलथाना	[illegible]
27	राकेश कुमार	नरोला	[illegible]
28	~~सुरजीत सिंह~~	~~नरोला-[illegible]~~	[illegible]
29	[illegible]	~~नीरथ~~	[illegible]
30	प्यारे लाल भण्डारी	बलथाना	प्यारे लाल
31	श्री [illegible] राजू	बरकेली	[illegible]
32	[illegible] चौहान	[illegible]	[illegible]
33	आशा देवी	बरकेली	आशा देवी
34	ज्ञान चन्द	नीरथ	ज्ञान चन्द
35	शिव लाल	बलथाना	[illegible]
36	गोपाल भण्डारी	-do-	Gopal Bhandari
37	[illegible] भण्डारी	-do-	[illegible]
38	किशन दास	बलथाना	किशन दास
39	रमेश सिंह	[illegible]	[illegible]
40	Govardhan Singh	Balthana	[illegible]
41	Veer Singh	Chunja	[illegible] Singh
42	Jagdish	Balthana	[illegible]
43	Rajinder Singh	-do-	[illegible]
44	Rajpal Bhandari	-do-	Bhandari
45	Budh [illegible]	[illegible]	[illegible]
46	[illegible]		[illegible]
47	Sunil Kumar	Do.	[illegible]
48	Jawahar Lal	Do.	[illegible]
49	Pramod Kumar	-do-	[illegible]

...मित किया जाता है कि नकल प्रस्ताव ...क सही व दरूस्त है जोकि कार्यवाही ...पन है ।

(11)

पंजीकरण सं0 Rmp(GA)/2010-25

सूर्य नारायण बाँध विस्थापित संघर्ष समिति, नीरथ

डाकघर नीरथ तहसील रामपुर बुशैहर जिला शिमला (हि0 प्र0)

आज दिनांक.................................सूर्य नारायण बाँध विस्थापित संघर्ष समिति, नीरथ की बैठक प्रधान श्री.................................की अध्यक्षता में.....................सदस्यों की उपस्थिति में हुई, जिसमें निम्नलिखित प्रस्ताव सर्व सहमती से पारित हुए ।

क्रमांक.................. प्रस्ताव संख्या.................. दिनांक..................

विषय :-	नाम	गांव	हस्ताक्षर
52	TILAK RAJ	नीरथ	Tilak Raj
53	[illegible]	[illegible]	[illegible]
54	Lachhmi	Bhorakhan	Lachhmi
55	प्रेम चन्द	[illegible]	प्रेम चन्द
56	[illegible]	नीरथ	[illegible]
57	[illegible]	नरोला	[illegible]
58	[illegible]	[illegible]	[illegible]
59	[illegible]	Nirth	[illegible]
60	Hari Chand	[illegible]	[illegible]
61	PRAVEEN THAKUR	NIRATH	[illegible]
62	Ravi Mohan	Nirath	[illegible]
63	[illegible]	[illegible]	[illegible]
64	Sunder SINGH	NIRATH	[illegible]
65	NIHAL CHAND	[illegible]	[illegible]
66	Suresh Kumar	Nirath	Kapoor
67		[illegible]	[illegible]
68			
69			
70			
71			
72			
73			
74			
75			
76			
77			
78			
79			
80			
81			
82			

प्रमाणित किया जाता है कि नकल प्रस्ताव वास्तविक सही व दरुस्त है जोकि कार्यवाही में विद्यमान है ।

दिनांक 1-7-2018

सेवा में

श्रीमान महा प्रबन्धक
लुहरी जल विद्युत परियोजना,
निथल (शिमला)

विषय :- गांव चैरोट में खसरा नं० 14, 15 और 16 को परियोजना के लिए अधिग्रहण करने हेतु।

महोदय,

निवेदन है कि हम हरदयाल सिंह, राजकुमार पुत्र स्व० श्री प्रताप सिंह, अमित कुमार पुत्र स्व० श्याम लाल गांव चैरोट, अपनी जमीन जो खसरा नं० 14-15-16 में है परियोजना के लिए देने को तैयार हैं। इसलिए हमारी आप से प्रार्थना है कि हमारी भूमि का अधिग्रहण किया जाए ताकि हम भी परियोजना का लाभ उठा सके जी। धन्यवाद।

(हस्ताक्षर) (हस्ताक्षर) (हस्ताक्षर)

हरदयाल सिंह, राजकुमार, अमित कुमार
गांव चैरोट डाकघर
शमाथला उपतहसील कोटगढ़
जिला शिमला (हि० प्र०)

[illegible] /2018 [illegible]
1/7/2018

दिनांक:......................

सेवा में,

उपमण्डलाधिकारी (ना.) महोदय,
उपमण्डल, कुमारसेन, जिला शिमला, हि0प्र0

<u>ग्रामीणों की समस्या का समाधान</u>

1. गांव रिवाली, बिथल, चरौटा के लिए लिफ्ट सिंचाई व पेयजल स्कीम चल रही थी जो कि 31.7.2000 में सतलुज में बाढ़ आने की वजह से क्षतिग्रस्त हो गई थी और अब यहां पानी की समस्या को देखते हुए इस स्कीम को प्राथमिकता के आधार पर दुरूस्त कर चालू किया जाये।

2. ग्राम पंचायत शमाथला के हर गांव में पीने व सिंचाई के पानी की समस्या गंभीर रूप से बनी हुई है जिसके निवारण के लिए एक नई लिफ्ट सिंचाई व पेयजल स्कीम उपलब्ध करवाई जाए।

3. स्थानीय व पंचायत के युवाओं को ~~योग्यतानुसार~~ रोजगार प्रदान करवाया जाए।

4. परियोजना क्षेत्र के बिथल में 25 कि0मी0 की दूरी तक कोई अस्पताल नहीं है जिस कारण यहां के क्षेत्रवासियों को उपचार के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्गों और बच्चों को होती हैं इसलिए यहां पर एक 10 बैड के अस्पताल का निर्माण कर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाई जाए।

5. हैल्पेज इंडिया (सतलुज संजीवनी सेवा) की तरफ से जो सेवाएं दी जा रही हैं वे अतिसराहनीय हैं। इसकी हम भरसक प्रशंसा करते हैं। हमारी आपसे विनती है कि इसके साथ प्रयोगशाला (Lab) की सुविधा उपलब्ध करवाई जाए जिससे विभिन्न रोगों से सम्बन्धित रक्त की जांच यहां हो सके।

6. यहां पर पशुओं के अतिक्रमण से फसलों को काफी नुकसान हो रहा है जिसके लिए इन क्षेत्रों मे जैसे कि रिवाली, छवाण, हनोग व भैरा में बाड़ लगाई जाए व असहाय पशुओं के लिए गौशाला का निर्माण किया जाए।

